दूरदर्शन पर चल रहे भारतीय और विदेशी चैनल

277. **श्री अजीत जोगी :**
श्री एस० एस० सुरजेवाला :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) **वर्तमान में** दूरदर्शन पर चल रहे भारतीय और विदेशी **चैनलों की** संख्या कितनी है;

(ख) इन चैनलों द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों को देश के किन-**किन राज्यों** और अन्य देशों में देख जा सकता है;

(ग) **सरकार द्वारा** मध्य प्रदेश में दूरदर्शन केन्द्रों के माध्यम से **इन चैनलों द्वारा** प्रसारित सभी कार्यक्रमों के प्रसारण के लिये क्या-क्या कदम उठाये गये हैं और इस उद्देश्य के लिए अवसंरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु कितनी धनराशि उपलब्ध करायी गयी है;

(घ) क्या सरकार लोक कला, लोक गीतों और लोक नृत्यों के कार्यक्रमों के प्रसारण का विचार भी रखती है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी०एम० इब्राहिम): (क) दूरदर्शन सी०एन०एन० चैनल सहित उन्नीस चैनल वर्तमान में दूरदर्शन पर कोई विदेशी चैनल पारचालित नहीं हो रहा है।

(ख) उपयुक्त डिश एण्टीना प्रणाली का प्रयोग करके सभी चैनलों को देश में सर्वत्र देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त, डीडी इण्डिया को पी०ए०एस—4 उपग्रह पर परिचालित होता है, को मध्य पूर्व, दक्षिण पूर्व एशिया, तथा मध्य एशिया के कुछ देशों, उत्तरी-अफ्रीका तथा सुदूर पूर्व में देखा जा सकता है।

(ग) मध्य प्रदेश अथवा किसी अन्य राज्य में स्थित केन्द्रों के जरिए इस सभी चैनलों को स्थलीय रूप से उपलब्ध करवाने की वर्तमान में कोई स्कीम नहीं है।

(घ) और (ङ) विभिन्न राज्यों की लोक कला, लोक गीतों और लोक नृत्यों के कार्यक्रम दूरदर्शन पर नियमित रूप प्रसारित किए जाते हैं। कुछ कार्यक्रम जो केवल सुस्पष्टि हैं परन्तु सुविस्तृत नहीं हैं, निम्न प्रकार से हैं:

1. लैसर नोन ट्राइब्स आफ इण्डिया
2. सुरभि
3. फोल्क म्यूजिक एंड डान्सेस आफ डिफेरेन्ट स्टेटस आफ इण्डिया, आदि

Production of Children Films

278. SHRI IQBAL SINGH: Will the Minister of INFORMATION & BROADCASTING be pleased to state:

(a) what are the details of the production of children films in the country in the various fields during the last three years; and

(b) what are the specific reasons for non-production of large scale children films in the country?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI C.M. IBRAHIM): (a) The Production of films is lragely in the private sector and no statistics are available regarding the number of films produced in a year. However, according to the Central Board of Films Certification, the number of children's films certified by the Board during each of the last three years is as follows:—

Year	Feature films	Short films
1993	7	2
1994	1	—
1995	7	1

(b) The films meant for children, catering as they do to a specific age group, have a limited market and hence tend to tbe produced in limited numbers.

हिमाचल प्रदेश में हवाई पट्टियों को दिल्ली और देश के अन्य भागों से जोड़ा जाना

279. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार राज्यों में पर्यटन के लिये अधिकाधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से हिमाचल प्रदेश में हवाई पट्टियों को दिल्ली और देश के अन्य भागों में इंडियन एयरलाइन्स की उड़ानों द्वारा जोड़ने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो ऐसा कब तक किये जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?